53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.0°c अधिकतम 39.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:41, सूर्यास्त - 6:52 | वर्ष : 53/ अंक : 114 | शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, चतुर्दशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

धैर्य वह गुण है तो तुम्हें हर तूफ़ान के बाद भी स्थिर खड़ा रहने की ताकत देता है।

पाकिस्तान पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है : शाहनवाज हुसैन



उसके चेहरे पे हैं कई चेहरे... एक हटता है दूजा लगता है.......

# मजदूर की बेटी ने दसवीं तो किसान की बेटी ने बारहवीं में किया टॉप

- हाईस्कूल में शाहपुर की दिशा व भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर की दिव्यांशी ने प्राप्त किए 93.67 प्रतिशत अंक
- इण्टरमीडिएट में मंसूरपुर की अवनी सैन ने 90.40 अंक प्राप्त कर लहराया सफलता का परचम

**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् यूपी बोर्ड का शुक्रवार दोपहर 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। इसमें दोनों परीक्षाओं में जनपद का कोई परीक्षार्थी हालांकि प्रदेश की मैरिट सूची में टॉपटेन में स्थान बनाने में सफल नहीं हो पाया है। हालांकि हाईस्कूल में जिला मेरिट सूची में 17वें एवं इंटरमीडिएट की घोषित परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में यह जनपद 26वां स्थान पर रहा। हालांकि इस बार घोषित परीक्षा परिणामों में जिला मेरिट सूची में नगर मुख्यालय के कॉलेजों के बजाय गांव-देहात की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करके दिखाया, वहीं हाईस्कूल परीक्षा में दिशा और दिव्यांशी ने संयुक्त रूप से जनपद टॉप किया। इसके अलावा इंटरमीडिएट की परीक्षा में छात्रा अवनी सिंह जिले की टॉपर रही।



दिव्यांशी यादव | दिशा प्रजापति | अवनी सैन

माध्यमिक शिक्षा परिषद् यूपी बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में एक बार जनपद की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली। शुक्रवार को आए परीक्षा परिणामों में इस बार 10वीं व 12वीं की कक्षाओं के नतीजों में मुजफ्फरनगर जनपद में 10वीं कक्षा में शाहपुर कस्बे के अमर नायक राहुल सिंह स्कूल की छात्रा दिशा ने जनपद टॉप करते हुए स्वयं को गुदड़ी के लाल के रूप में साबित किया। मजदूर की बेटी की इस सफलता पर पूरे जनपद को भी नाज है। इसके अलावा भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी की छात्रा दिव्यांशी यादव दूसरे स्थान पर रही। वहीं शुक्रवार को घोषित हुए 12वीं के नतीजों में एमडीएस विद्या मंदिर मिल मंसूरपुर की छात्रा अवनी सैन जनपद में टॉपर रही है, जबकि दूसरे स्थान पर किसान इंटर कॉलेज खरड़ के छात्र लव गर्ग रहे। तीसरे स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज बुड़ीना कलां की छात्रा दीपा रहीं। सफल हुए छात्र-छात्राओं ने खुशी मनाई। प्रदेश की हाईस्कूल की मेरिट में जिले को 17वां स्थान मिला है। 29574 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 26119 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 92.69 प्रतिशत रहा। 12वीं के नतीजों में जिले को 26वां स्थान मिला है। जनपद में इस बार 28,149 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से इस बार 22,867 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जनपद का परीक्षा परिणाम कुल 83.63 प्रतिशत रहा। जिले की हाईस्कूल टॉप टेन मेरिट सूची में शामिल 24 टॉपरों में एएनएस इंटर कॉलेज शाहपुर की छात्रा दिशा ने 93.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी की छात्रा दिव्यांशी यादव ने 93.67 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रही। इसके अलावा अन्य टॉपर छात्र-छात्राओं में खतौली के शिशु शिक्षा निकेतन की छात्रा आलिशबा. 92.83 प्रतिशत, खामपुर के यूनिक इंटर कॉलेज की छात्रा आयशा ने 92.83 प्रतिशत, भोपा के जनता इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी ने 92.67 प्रतिशत, भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा राधिका चौहान ने 92.67 प्रतिशत, श्री प्राणनाथ इंटर कॉलेज पुरकाजी की छात्रा अजका परवीन ने 92.67 प्रतिशत, भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी की छात्रा वैष्णवी तायल ने 91.83 प्रतिशत, लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज के छात्र राघव ने 91.50 प्रतिशत एवं वंश कुमार ने 91.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर सूची में स्थान बनाया। वहीं होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, जड़ौदा की छात्रा निवेदी ने 91.50 प्रतिशत, एमडीएस विद्या मंदिर मंसूरपुर के छात्र सूर्य प्रताप राठी ने 91.50 प्रतिशत, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, जड़ौदा की छात्रा अंशिका ने 91.33 प्रतिशत, भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा परी पाल ने 91.17 प्रतिशत, शिशु शिक्षा निकेतन खतौली की छात्रा मदीहा ने 91.17 प्रतिशत, तिसंग के हिमालयन हाईस्कूल के छात्र आदित्य ने 91.17 प्रतिशत, डीएवी इंटर कॉलेज आर्य समाज रोड की छात्रा सारा खां ने 91 प्रतिशत एवं डीएवी इंटर कॉलेज सिसौली के छात्र रोहित कुमार ने 91 प्रतिशत, भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अंतरा नामदेव ने 91 प्रतिशत, एवं पायल कुमारी ने 90.83 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा शाहपुर के आर्यवीर इंटर कॉलेज की छात्रा अंशी ने 90.83 प्रतिशत, राजकीय इंटर कॉलेज कवाल के शुभम ने 90.83 प्रतिशत एवं राजकुमार जनता इंटर कॉलेज फलौदा की उन्नति त्यागी ने 90.67

शेष : पृष्ठ-4 पर

## हाईस्कूल में यश प्रताप और इंटर में महक जायसवाल टॉपर

**लखनऊ/प्रयागराज, 25 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। सरकार की सक्रियता और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस बार सिर्फ 43 दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। हाईस्कूल के समस्त परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11 रहा, जबकि इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 रहा। इंटरमीडिएट में महक जायसवाल, बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलाई का पूरा (प्रयागराज) ने 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, हाई स्कूल में यश प्रताप सिंह, स्वर्गीय श्रीमती रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी (जालौन) ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हाई स्कूल में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है। वहीं, इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 9.77 अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी हैं और उनको बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दी है। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) महेंद्र देव एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने रिजल्ट की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 के मध्यम संपन्न हुईं। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर यूपी बोर्ड द्वारा कुल 8140 परीक्षा केंद्रों पर 13 कार्यदिवसों में परीक्षाएं नकलविहीन और शुचितापूर्ण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च से 2 अप्रैल के मध्य निर्धारित कुल 261 मूल्यांकन केंद्रों पर संपन्न हुआ। हाईस्कूल के मूल्यांकन में 92,594 परीक्षकों की भागीदारी रही, जबकि इंटर के मूल्यांकन में 56,066 परीक्षकों की भूमिका रही। इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में 1 से 21 फरवरी के मध्य संपन्न हुईं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी बोर्ड ने तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया है। हाईस्कूल में 25 लाख 45 हजार 815 परीक्षार्थियोंमें 22 लाख 94 हजार 122 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये जिनका प्रतिशत 90.11 था। इनमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.66 और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 रहा। बालिकाओं का प्रदर्शन बालकों से 7.21 प्रतिशत अधिक था। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 25 लाख 98 हजार 560 परीक्षार्थी शामिल हुये जिनमें 21 लाख आठ हजार 774 उत्तीर्ण परीक्षार्थी थे जिनका प्रतिशत 81.15 रहा। इनमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 76.60 और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.37 रहा। बालिकाओं ने बालकों को 9.77 प्रतिशत से पछाड़ा। विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदी परीक्षार्थी भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल में कुल मिलाकर ऐसे 94 परीक्षार्थियों ने बोर्ड एग्जाम दिए, जिनमें से 91 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 96.81 प्रतिशत रहा। इसी तरह, इंटरमीडिएट में कुल 105 बंदी परीक्षार्थी एग्जाम में बैठे, जिनमें 91 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का कुल प्रतिशत 86.67 प्रतिशत रहा।



### योगी ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दी बधाई

**लखनऊ 25 अप्रैल (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की हैं जबकि असफल परीक्षार्थियों को निराश न होने और दोगुनी मेहनत से फिर से परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दी है। योगी ने परीक्षा परिणामों के बाद एक्स पर लिखा '' उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। यह उपलब्धि आप सभी की मेधा, मेहनत एवं अनुशासन का प्रतिफल है। जीवन की हर परीक्षा में आपके परिश्रम को प्रतिष्ठा मिले, सफलता आपकी स्थायी साथी बने, यही शुभकामना है। आप सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं। उन्होने कहा '' विद्यार्थियों, विफलता निराशा का आधार नहीं होना चाहिए, यह आत्म-मूल्यांकन का एक अवसर देती है। निराश न हों, फिर से प्रयास करें। सफलता आपकी राह देख रही है...।''



## खून का बदला खून से लिया, 4 साल पहले मां को गोली मारने वाले की कर दी हत्या

**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव जड़ौदा में युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक का शव गांव के संत रविदास मंदिर परिसर में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। युवक के शव के ऊपर बाइक पड़ी हुई थी। माना जा रहा है कि बाइक पर ही युवक को गोली मारी गयी है। पुलिस ने हाथोंहाथ हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में बताया कि उसने मां के खून का बदला लिया है। मृतक ने चार साल पूर्व आरोपी की मां की गोली मारकर हत्या कर दी थी, उसी का बदला आज आरोपी ने लिया है। तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आपको बता दें गांव जड़ौदा निवासी शंभू का 22 वर्षीय बेटा राहुल खेतीबाड़ी का काम करता था। गुरूवार देर रात लगभग 12 बजे उसका गोली लगा शव गांव में स्थित संत रविदास मंदिर के परिसर पड़ा मिला है। राहुल के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी तथा शव के ऊपर एक बिना नंबर प्लेट की बाइक भी पड़ी हुई थी। पुलिस को इसकी सूचना दी गयी, तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच कर उसके पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने गांव के ही युवक मनीष पर हत्या का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर हाथोंहाथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में मनीष ने स्वीकार किया कि उसी ने राहुल की हत्या की है, क्योंकि राहुल ने चार साल पहले वर्ष 2021 में उसकी मां की हत्या कर दी थी और इस बात का उसे कोई अफसोस नहीं है। पुलिस ने मनीष सहित चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खंगाली जा रही मोबाइल की कॉल डिटेल

**मुजफ्फरनगर।** मृतक राहुल के मोबाइल की कॉल डिटेल मंसूरपुर पुलिस खंगाल रही है। इसी के साथ-साथ हत्या करने वाले मनीष का मोबाइल भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उसकी कॉल डिटेल भी जल्द ही सामने आ जाएगी। आपको बता दें कि राहुल परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी तीन बहनें हैं, उसके पिता और मां गांव में ही खेतीबाड़ी करते हैं। तीन बहनों में से दो का विवाह हो चुका है। उक्त हत्याकाण्ड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी और सभी के बीच एक ही चर्चा है कि चार साल से मनीष ने अपनी मां की हत्या का बदला लेने की बात अपने दिल में संभाल रखी थी। वर्ष 2021 से दोनों परिवारों के बीच रंजिश चली आ रही है।

## फीस को लेकर हुए विवाद में राशन डीलर की आंख फोड़ी

**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर में फीस को लेकर चल रहे विवाद में राशन डीलर ने प्रिंसिपल व उसके रिश्तेदारों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में राशन डीलर की आंख भी फूट गयी है। पीड़ित राशन डीलर ने उक्त मामले में थाने में तहरीर दी थी, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। हालांकि अब मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है।



नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर में भूषणलाल की राशन की दुकान है। अलमासपुर में स्थित एक स्कूल में उसकी बेटी कक्षा 1 में एक में पढ़ती है। उसने अपनी बेटी का नाम स्कूल से कटाकर किसी अन्य स्कूल में प्रवेश करा दिया। पीड़ित ने बताया कि गुरूवार को बेटा-बेटी को स्कूल से लेकर आ रहा था। आरोप है कि रास्ते में पुराने स्कूल के प्रिंसिपल मिले और बेटे को फीस के दस हजार रुपए बकाया होने की बात कही। बेटे ने घर पहुंचकर पिता को यह जानकारी दी। वह बेटी के पुराने स्कूल में शुक्रवार को प्रिंसिपल से बातचीत करने गए थे, तभी किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि प्रिंसिपल ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर मारपीट की। जिसमें उसकी आंख फूट गयी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी थी, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। उन्होंने तहरीर वापस ले ली है।

### बहराइच में दम घुटने से 5 मरे, तीन गंभीर

**बहराइच 25 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह क्षेत्र में शुक्रवार सुबह में एक राइस मिल के ड्रायर से उठे धुएँ से दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से बीमार हो गये जिन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित राजगढ़िया फूड नाम की फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह अचानक ड्रायर से धुआं उठने पर हड़कंप मच गया । इसकी जानकारी होने पर फैक्ट्री में काम कर रहे लोग आग लगने की आशंका से उसे बुझाने के लिए गए कि तभी दम घुटने से आठ लोग बेहोश हो गए । आनन फानन में सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया , जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया , वही तीन का इलाज जारी है ।







## हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं




# सरस्वती शिशु मन्दिर में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

## मेधावी छात्र-छात्राओं को दी सफलता पर बधाई



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** सरस्वती शिशु मन्दिर इंटर कॉलेज केशवपुरी का यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल घोषित हो गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें विद्यालय के हाईस्कूल के छात्र अंशुमन गर्ग ने 90.33% अंकों के साथ प्रथम स्थान, रचित सैनी ने 88.66 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं अरुण कुमार ने 87.00% अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय में तृतीय, आरव शर्मा ने 86.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ एवं शुभम कुमार ने 86.16% अंकों के साथ पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणामों में इस बार आदित्य रंजन ने 85.00% अंक लेकर प्रथम स्थान, आस्था ने 84.4% अंक लेकर द्वितीय, गुंजन ने 80.6% अंकों के साथ तृतीय, निपुण जैन ने 79.2% अंक लेकर चतुर्थ और हिमांशु सिंह ने 79.00% अंक लेकर पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति से प्रबंधक संजय अग्रवाल ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के सभी छात्र-छात्राओं को इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य कौशल आर्य, मुकेश दत्त शर्मा, भोपाल सिंह, सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार, नीरज कुमार शर्मा, नीरज गर्ग, मनोज कुमार, संजय कुमार, हरीश कुमार, लोकेश कुमार, अंकित, अनुभव, मनोज अग्रवाल, इन्दु, नीलम शर्मा, सविता, कु. साक्षी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जनपद की टॉपर सूची में लाला जगदीश प्रसाद का दबदबा कायम



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों राघव व वंश ने हाईस्कूल परीक्षा में 91.50 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद की जारी मेरिट सूची में 5वां स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में शाकिर ने 86.40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। कृषि संकाय में कक्षा 11 तथा कक्षा 12वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में राघव एवं वंश कुमार ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। वहीं समर प्रजापति 90.50% अंक के साथ द्वितीय, रूद्राक्ष शर्मा 90.33% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में शाकिर एवं लक्ष्य रस्तोगी 86.40% अंकों के साथ विद्यालय टॉपर रहे, वहीं शौर्य शर्मा ने 85.00% अंकों के साथ द्वितीय व दिव्यांश शर्मा 84.20% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शानू ने 75.50% अंकों के साथ कॉमर्स वर्ग में विद्यालय टॉप किया। विद्यालय के दो छात्रों राघव एवं वंश कुमार ने हाईस्कूल परीक्षा में जिले की वरीयता सूची में 5वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कृषि संकाय में कक्षा 11 व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कृषि संकाय में कक्षा 11 में आकर्ष बालियान ने 83.33% तथा कक्षा 12 में वासुदेव मलिक ने 76% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, प्रबंधक देवेन्द्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष अजय जैन तथा प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने टॉपर छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम पर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर महेश कुमार, पंकज त्यागी, रीता मावी, नवनीत कुमार, विशाल शर्मा, प्रविंद्र सिंह, प्रयाग सिंह, केएन पंत, अमित पंवार, पवन चंदेल, मोतीराम सैनी, अजय वत्स, एकांश मित्तल, शुभम जैन, प्रमोद शर्मा, रामप्रसाद, धनप्रकाश वर्मा, सुनील त्यागी, पवन चंदेल, हरिमोहन, दिनेश कुमार, शोभित बालियान, आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु,25 अप्रैल (वार्ता)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन आज सुबह 10:43 बजे हुआ। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

# वीडियो वायरल होने के बाद सैलून संचालक को मिला न्याय, पकड़े गए मारपीट के आरोपी



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली में एक सैलून संचालक आदेश से मारपीट कर वीडियो मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर वायरल किया गया था, जिसमें कई आरोपी बैल्टों से सैलून संचालक की पिटाई कर रहे हैं। पुलिस ने उक्त मामले में कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दें कि आदेश के बाल काटने के पैसे बिलासपुर निवासी कन्हैया पर बकाया थे। जब भी सैलून संचालक आदेश उससे अपने पैसों की मांग करता था, तो आरोपी उसे टरका देते थे और उससे रंजिश भी रखने लगा था। विगत 7 अप्रैल को आरोपी ने चाल चलते हुए अपने एक साथी को भेजकर आदेश को गांव मखियाली के जंगल में बुलाया था। आदेश बताए गए स्थान पर पहुंचा तो कई आरोपियों ने एक साथ मिलकर सैलून संचालक की बैल्टों से पिटाई कर दी। उसके बाद उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर सैलून संचालक आदेश के भाई अभिषेक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उक्त रिपोर्ट 7 अप्रैल को दर्ज की गयी थी। जब सोशल मीडिया पर तेजी से यह वीडियो वायरल हुआ तो नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अब्दुल कादिर, इस्तकार, ललित व कन्हैया निवासीगण बिलासपुर को भोपा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया और दंबगता दिखाने पर पुलिस ने सभी आरोपियों का माकूल खुराक देकर चालान कर दिया, जिस समय आरोपी गाड़ी से उतरे तो कोई लंगड़ा तो कोई रोता हुआ दिखाई दिया।

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने मारा मैदान

## जनपद की टॉपर सूची में छात्राओं ने बनाया बड़ा स्थान



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** यूपी बोर्ड के शुक्रवार को घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में इस बार भी भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी की छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। कॉलेज प्रांगण में इन उत्तीर्ण छात्राओं को प्रबंध समिति के साथ प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। शुक्रवार को भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर के घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा 10 से विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी यादव ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें रिजल्ट में 93.67% अंक प्राप्त हुए। राधिका चौहान 92.67 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में तृतीय स्थान पर रही। वहीं वैष्णवी तायल ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में चौथा स्थान हासिल किया, वहीं विद्यालय की छात्रा परी पाल ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए सातवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंतरा नामदेव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान व पायल कुमारी ने 90.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को घोषित इसी श्रृंखला में कक्षा 12वीं की छात्रा वरुण ने विज्ञान वर्ग में 86.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनु रानी ने 85.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और अवनी सिंहवाल व धार्मी वर्मा ने 85.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वाणिज्य वर्ग से सुरभि जैन ने 83.2% अंक प्राप्त कर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कला वर्ग से माही आहूजा ने 81.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शुक्रवार को परीक्षा के घोषित परिणामों में जनपद की टॉपर मेरिट सूची में सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रबंधक सुधा मजूमदार, कोषाध्यक्ष रविंद्र बंसल एवं प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने सभी छात्राओं को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## पांच युवकों ने मिलकर चाचा भतीजे पर जानलेवा हमला कर किया घायल

**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली में दो बाइकों पर आए पांच युवकों ने हमला कर चाचा-भतीजे को घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर घेराबंदी हुई तो हमलावर एक बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव मखियाली निवासी शुभम तोमर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता आदर्श चचेरे भाई अक्षित के साथ खेत से काम करके जब घर वापस लौट रहे थे, उसी समय खेत के पास ही भोपा रोड पर दो बाइकों पर 5 युवकों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौच करते हुए उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें पिता और भाई अक्षित घायल हो गए। हमले में पिता मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए। शोर-शराबा होने पर एकत्र हुई भीड़ ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, तो अपने को घिरा देखकर हमलावर भागने लगे, जिसमें हमलावरों की एक बाइक मौके पर छूट गयी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## देर रात गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार की देर रात खालापार थाना क्षेत्र के किदवईनगर के रहने वाले मोनिस पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी थी, जिसमें देर रात ही मोनिस जिला चिकित्सालय उपचार के लिए पहुंचा था। बुलेटिन द्वारा उक्त समाचार को शुक्रवार के अंक में प्रकाशित किया था। इस मामले में पुलिस ने आज कार्यवाही करते हुए मोनिस के बयान लिये तो उसने बताया कि जावेद निवासी किदवईनगर ने उसे पर जानलेवा हमला किया है। रात्रि में ही दबिश देकर पुलिस ने जावेद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का बताना है कि जावेद अपने घर पर ही सोता मिला। हिरासत में लिये गए जावेद से जब पूछताछ की गयी तो तो उसने बताया कि दरअसल उसकी बहन ने मोनिस पर मुकदमा दर्ज करा रखा है, जो न्यायायालय में विचाराधीन है। सम्भवतः उसे फंसाने के लिए मोनिस द्वारा यह षड़यंत्र रचा गया है। स्वयं थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि सूचना पर पहले यूपी 112 मौके पर पहुंची थी और 112 द्वारा घटना स्थल की मोबाइल में रिकॉर्डिंग भी कर ली गयी थी। रिकॉर्डिंग के दौरान घटनास्थल पर कोई कारतूस नहीं था, जब थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां एक कारतूस पड़ा मिला। माना जा रहा है कि उक्त कारतूस बाद में ही डाला गया है। फिलहाल मामले को खालापार पुलिस संदिग्ध मान रही है और अभी तक मोनिस की ओर से कोई तहरीर भी नहीं आई है।

## पहलगाम हमले के संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों के मकान ध्वस्त

**श्रीनगर, 25 अप्रैल (वार्ता)** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग जिलों में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया है जिन पर पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल होने का संदेह है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये घर पुलवामा के त्राल के मोनाघामा इलाके के आसिफ शेख और अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर के थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी के कारण घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात विस्फोट करके घरों करे जमींदोज कर दिया गया।

# दो और पाकिस्तानी नागरिक हुए पाकिस्तान के लिए रवाना



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद से कल के बाद आज और दो पाकिस्तानी नागरिक अपने देश की ओर रवाना हो गए। आपको बता दें कि भारत सरकार ने 48 घंटे के अंदर शॉर्ट टर्म वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने के आदेश जारी किये थे। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर में चार पाकिस्तानी नागरिक मौजूद थे, जिसमें से दो पाकिस्तानी नागरिक गुरूवार को वापस लौट गए थे तथा बाकी बचे दो अन्य नागरिक आज शुक्रवार को पाकिस्तान के लिए रवाना हो गए। आपको यह भी बता दें कि अभी भी मुजफ्फरनगर जनपद में लोंग टर्म वीजा वाले 26 नागरिक मौजूद हैं, जिन्हें 29 अप्रैल तक वापस पाकिस्तान लौटना होगा। एलआईयू विभाग में सभी का डाटा पंजीकृत है मगर देश का माहौल गम व गुस्से का होने के कारण वह डाटा किसी को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है कि उक्त पाकिस्तानी नागरिक जनपद में किन-किन स्थानों पर रह रहे हैं। फिलहाल इन्हें वापस चुपचाप उनके देश लौटाना प्रशासन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। एसपी सिटी सत्यनाराण प्रजापत ने बताया कि शार्ट टर्म वीजा पर रहने वाले चार पाकिस्तानी नागरिक वापस पाकिस्तान चले गए है। इस संबंध में शासन को इसकी लिखित जानकारी दे दी गयी है। जनपद में लॉग टर्म वीजा पर 26 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। जिनकी निगरानी कराई जा रही है।

# कांग्रेसियों की श्रद्धांजलि सभा में फोटो खिंचवाने की होड़, महानगर अध्यक्ष को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने दिया तोड़



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी जम संयम नहीं है तो ऐसी कांग्रेस मुजफ्फरनगर जिले में ही नहीं देश में ही क्या कर पाएगी। दरअसल शुक्रवार को कांग्रेसियों की ओर से झांसी की रानी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया था। इस सभा में पहले से ही पहुंचे महानगर अध्यक्ष सोशल मीडिया रिजवान श्रद्धांजलि देते हुए अपनी फोटो करा रहे थे, इसी बीच गुफरान काजमी जो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बताए गए हैं, वे देर से पहुंचे और फोटा खिंचवाने की होड़ में रिजवान को पीछे धकेल दिया। इसी तू तू मैं मैं में बात इतनी बढ़ी कि देर से आए गुफरान काजमी ने पार्क में ही रिजवान को लिटाकर जबरदस्त तुड़ाई की। बताया जा रहा है कि रिजवान की रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर तक होने की सूचना है। ऐसे में पार्क के आसपास खड़े लोगों ने कांग्रेस की जमकर खिंचाई करते हुए कहा कि जो लोग श्रद्धांजलि सभाओं में भी फोटो खिंचाने के नाम पर लड़ते हैं वो देश को एकजुट करने की बात न ही करें तो बेहतर है। शायद इसलिए पूरे देश से कांग्रेसियों का सूफड़ा साफ हो गया है।

# खुली गुण्डागर्दी, जान से मारने की नीयत से छात्र पर चलाई गोली



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** नगर में लगातार युवाओं की गुण्डागर्दी बढ़ती ही जा रही है। शुक्रवार को एक ऐसा ही मामला सामने आया जब डीएस पब्लिक स्कूल के छात्र किसी बात को लेकर शौर्य बालियान को कुछ युवकों ने फोन से बुलाकर किसी बात को लेकर गोली मारी शौर्य के पिता विकास बालियान को जब इस बात की जानकारी मिली तो वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बताया कि उनके बेटे को फोन करके बुलाया गया और छाती पर गोली मारी, मगर गोली उसके हाथ पर लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया । पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो पुलिस ने इस मामले में जानकारी जुटानी शुरू की। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि यह मामला दो गुटों से जुड़ी गुण्डागर्दी का प्रतीत हो रहा है। आए दिन स्कूल, कॉलेजों में एक दूसरे से बदला लेने की होड़ में छात्र कुछ भी करने को तैयार हैं। अब देखना यह होगा कि गोली चलने के मामले में पुलिस कब तक तहरीर के आधार पर आरोपियों को पकड़ने में कामयाब होती है।

# जुमे की नमाज पर अलर्ट मोड पर रही पुलिस



**मुजफ्फरनगर, 25 अप्रैल (बु.)।** नगर में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रही। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए 28 लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में कई स्थानों पर नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज अदा की। नमाज से पहले जनपद में सभी धार्मिक स्थलों पर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था, जिसके चलते जनपद में मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर नमाज सकुशल सम्पन्न हुई। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सुबह से ही अलर्ट मोड पर दिखाई दी। नमाज से पहले जिले के कई संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। नमाज के दौरान सभी थाना प्रभारियों को भी अलर्ट रहने के निर्देश पुलिस अधिकारियों द्वारा दिए थे। नमाज से पहले सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने गश्त करनी शुरू कर दी। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई 27 पर्यटकों की जघन्य हत्या के विरोध में खतौली समेत कई स्थानों पर नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। पुलिस की सतर्कता के चलते सभी जनपद में सभी स्थानों पर नमाज सकुशल सम्पन्न हुई।

# शर्मनाक-50 हजार के लालच में युवती के जीजा से कराया निकाह, तलाक नहीं देने पर मामला उजागर

## ▶ जीजा अब तलाक न देने पर अड़ा ▶ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में घोटाला उजागर हुआ

**मीरापुर, 25 अप्रैल (बु.)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लालच में एक व्यक्ति ने अपनी अविवाहित पुत्री का निकाह अपने बड़े दामाद (युवती के जीजा) से ही करा दिया। योजना का लाभ मिलने के बाद जीजा ने अपनी साली (दूसरी पत्नी) को तलाक देने से इंकार कर दिया।

कस्बे के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति के तीन पुत्री हैं, जिसमें से दो पुत्रियां विवाहित व एक अविवाहित है। उक्त व्यक्ति ने चार वर्ष पूर्व अपनी दूसरी पुत्री का निकाह मेरठ जनपद के बहसुमा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से किया था। कुछ दिन पूर्व उक्त व्यक्ति ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेकर डकारने के लालच में धोखाधड़ी करते हुए अपनी अविवाहित पुत्री का निकाह अपने बड़े दामाद (युवती कर जीजा) से ही करा दिया। योजना के अन्तर्गत मिले 50 हजार के चेक को देखकर युवती से निकाह करने वाले उसके जीजा के मन में भी लालच आ गया और जब उसके ससुर ने दामाद से नवविवाहित पुत्री को तलाक देने की बात कही तो दामाद ने साफ इंकार करते हुए बोल दिया कि पहली पत्नी को तलाक दे सकता है, लेकिन छोटी वाली को तलाक नहीं दूंगा। जिसके बाद से मामले को लेकर परिवार में रोजाना पंचायत का दौर चल रहा है। आसपास के लोगों के अनुसार अब दामाद अपनी पहली पत्नी को भी उसके मायके में लेकर आ गया है और अपनी नई पत्नी (साली) को साथ लेकर जाने की मांग कर रहा है। उक्त मामले को लेकर हो रही रिश्तेदारों की पंचायतें चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिलाने में कई स्थानीय लोगों का भी हाथ रहा है। अब प्रशासन योजना को पलीता लगाने वालों पर कार्यवाही करेगा या नहीं करेगा यह चर्चा का विषय बना हुआ है। नागरिक जिलाधिकारी से उक्त मामले की जांच कराने की मांग कर रहे हैं। मामले पर मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान ने नहीं है। यदि कोई शिकायत मिलती है, तो जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

